डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

आवश्यक सूचना

परीक्षा समिति की 15वीं बैठक दिनाँक 07.03.2024 के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–4/15 में विभिन्न पात्रता परीक्षा, नियुक्ति परीक्षा एवं CUET (PG), 2024 परीक्षा आयोजित होने के फलस्वरूप विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षाएं छूटने के संबंध में निम्नानुसार पृथक–पृथक निर्णय प्रदान किये गये :–

1. **बिहार विशेष विद्यालय शिक्षक पात्रता परीक्षा–2023 में प्रतिभागिता हेतु :–**

दिनांक 23.02.2024 को जिन विद्यार्थियों द्वारा बिहार विशेष विद्यालय शिक्षक पात्रता परीक्षा–2023 में प्रतिभागिता हेतु विश्वविद्यालय में दिनांक 22.02.2024 (द्वितीय पाली) को आयोजित सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर पाये हैं, ऐसे विद्यार्थियों के प्राप्त प्रार्थना–पत्र, प्रवेश–पत्र, रेल/बस टिकट की छायाप्रति के आधार पर संबंधित प्रश्न–पत्र की परीक्षा नवीन तिथि निर्धारित करते हुए शीघ्र आयोजित करायी जायेंगी।

2. **बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा हेतु :–**

बी0एड0 पंचम अधिसत्र के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनाँक 15.03.2024 में प्रतिभाग करने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय की संबंधित अधिसत्र की छूटी हुई परीक्षाओं के समस्त पेपर कोड की परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों के प्राप्त प्रार्थना–पत्र, प्रवेश–पत्र, रेल/बस टिकट की छायाप्रति के आधार पर नवीन तिथि का निर्धारण करते हुए एक ही दिवस में शीघ्र परीक्षाये करायी जायेंगी।

3. **राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आयोजित CUET (PG), 2024 परीक्षा हेतु :–**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आयोजित CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले ऐसे विद्यार्थियों जिनकी परीक्षाएं CUET (PG), 2024 के कारण विश्वविद्यालय की परीक्षाएं छूट गयी हैं उन विद्यार्थियों से निम्नानुसार प्रपत्र प्राप्त कर नवीन निथि निर्धारित करते हुए परीक्षाएं करायी जानी है :–

a. CUET (PG), 2024 परीक्षा का प्रवेश–पत्र,
b. CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभागिता सुनिश्चित किए जाने का प्रमाण–पत्र एवं
c. CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभाग करते समय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् संबंधित विद्यार्थी किस अधिसत्र का विद्यार्थी है, उल्लेख करें।

उपरोक्तानुसार परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में **बिहार विशेष विद्यालय शिक्षक पात्रता परीक्षा–2023, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा एवं CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों** को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए प्रार्थना–पत्र समस्त संलग्नकों सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 18.04.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जिससे नवीन तिथि निर्धारित कर परीक्षाएं शीघ्र आयोजित करायी जा सकें।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक COE-15 /165B1(IV)/ DSMNRU/2024–25 दिनांकः– 15 अप्रैल, 2024

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/समन्वयक को इस आशय से कि अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि तक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

15/4/24

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक